संकायाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों की संयुक्त बैठक की कार्यवाही

दिनांक: 29.04.2020
स्थान: सीनेट हॉल (विश्वविद्यालय अतिथि गृह)

बैठक की कार्यवाही ईश वन्दना के साथ प्रारम्भ हुई।

बैठक में यू०जी०सी० के द्वारा कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में दिनांक २९.०४.२०२० को जारी दिशानिर्देशों के आलोक में सर्वसम्मति द्वारा निम्नलिखित निर्णय लिए गये:

01. मान्य कुलपति जी के द्वारा एक **कोविड-19 सेल** का गठन किया जायेगा जो छात्रों की परीक्षा एवं एकेडमिक कैलेन्डर के जुड़ी समस्या का निराकरण करेगा।

02. सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्रों का moderation पढ़ाये गये (Offline and Online) पाठ्यक्रमों के आधार पर कराया जायेगा।

03. यू०जी०सी० के दिशानिर्देशों के अनुरुप इस सत्र की सेमेस्टर परीक्षायें 03 घन्टों के स्थान पर 02 घन्टों की होंगी।

04. सत्र 2019-20 की even semester परीक्षाओं के लिए प्रश्न-पत्रों का प्रारुप निम्नवत होगा:

    (i) Section-A में पढ़ाये गये पाठ्यक्रम से (06 Short answer type questions (100-150 words) पूछे जायेंगे जिनमें से परीक्षार्थी 03 प्रश्नों के उत्तर देंगे। (10x03=30 अंक)

    (ii) Section-B में पढ़ाये गये पाठ्यक्रम से 04 Long answer type questions पूछे जायेंगे जिनमें से परीक्षार्थी किन्हीं 02 प्रश्नों के उत्तर देंगे। (20x02=40 अंक)

05. इस सत्र के परीक्षार्थियों की 30 अंकों की सेशनल परीक्षा 29 जून से 03 जुलाई 2020 के मध्य कराई जायेंगी। विषय/पत्र वार तिथियों का निर्धारण विभाग/संकाय अपने स्तर पर करेंगे। विभाग छात्र/छात्राओं की सेशनल परीक्षायें ऑनलाईन भी करा सकते हैं।

06. परीक्षाओं की प्रस्तावित तिथियाँ निम्नवत हैं-

    (i) समस्त पाठ्यक्रमों के अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षायें - 06 जुलाई से 15 जुलाई 2020।

    (ii) समस्त पाठ्यक्रमों के अन्य सेमेस्टरों की परीक्षायें- 16 जुलाई से 07 अगस्त 2020।

07. सभी Practical Examinations आन्तरिक परीक्षकों के द्वारा कराये जायेंगे जिनकी तिथियाँ 05 जुलाई से 14 अगस्त के मध्य निर्धारित की जायेंगी। अन्तिम सेमेस्टर के Practical examinations पहले कराये जायेंगे तथा अन्य सेमेस्टरों की Practical परीक्षायें उनके बाद होंगी।

08. सत्र 2020-21 की Odd Semester परीक्षाओं के साथ 2019-20 की Even Semester परीक्षाओं की समस्त Repeat परीक्षायें भी कराई जायेंगी।

09. परीक्षाओं में बैठने की व्यवस्था में Social Distancing का पूरा ध्यान रखा जायेगा तथा Covid-19 सम्बन्धी भारत सरकार के सभी नियमों का पालन किया जायेगा।

10. जुलाई/अगस्त 2020 की सेमेस्टर परीक्षायें तीन पालियों में कराई जा सकती है:

(i) प्रातः 09 बजे से 11 बजे तक

(ii) मध्याह्न 12 बजे से 02 बजे तक

(iii) दोपहर 03 बजे से 05 बजे तक

प्रत्येक Sitting में परीक्षार्थियों की संख्या Social Distancing के अनुपालन के अनुरुप रखी जायेगी।

11. पुराने छात्रों के लिए सत्र 2020-21 के प्रारम्भ की प्रस्तावित तिथि 10 अगस्त है जबकि नये छात्रों के लिए सत्रारम्भ 09 September 2020 से होगा।

12. नये सत्र के सभी पाठ्यक्रमों (बी०टेक एवं एम०बी०ए० को छोड़कर) में प्रवेश मेरिट के आधार पर होगा। प्रवेश के लिए कोई प्रवेश परीक्षा नहीं कराई जायेगी। स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश स्नातक कक्षा के पाँचवे सेमेस्टर तक के 'परीक्षा परिणाम की मेरिट के आधार पर होगा'। दोनों स्तरों पर प्रवेश हेतु **अर्हता परीक्षाओं में उत्तीर्णांक के अतिरिक्त न्यूनतम अंक की बाध्यता** नहीं होगी।

13. पाठ्यक्रमों (बी०टेक एवं एम०बी०ए० के अतिरिक्त) में नये प्रवेश के लिए आवेदन करने की अन्तिम तिथि 24 अगस्त-2020 होगी। स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश सम्बन्धी सभी प्रक्रिया विभागाध्यक्ष के नेतृत्व में विभाग के द्वारा पूरी की जायेगी। स्नातक स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया संकायाध्यक्ष की देखरेख में प्रवेश के लिए गठित समिति के द्वारा ही पूरी की जायेगी।

14. सत्र 2020-21 में पी-एच०डी० में प्रवेश NET/JRF/SLET/M.Phil की योग्यता रखने वाले छात्र/छात्राओं को दिया जायेगा। प्रवेश के लिए आवेदन की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर होगी। विभागों में पी०एच०डी० का स्थान रिक्त रहने की स्थिति में R.E.T. दिसम्बर-2020 में कराया जायेगा तथा सभी शोधार्थियों का Ph.D. Course-Work जनवरी-2021 में आरम्भ होगा।

उपरोक्त तिथियों/निर्णयों में कोई भी परिवर्तन यू०जी०सी०/भारत सरकार/ राज्य सरकार के नये दिशानिर्देशों के आलोक में किया जा सकता है।

शान्तिपाठ के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

कुलसचिव